हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
जल संचय जन भागीदारी 2.0 के तहत समीक्षा बैठक



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदाः परिवार को 4 लाख की सहायता राशि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महनई निवासी स्व पडरू का सांप के काटने से 19 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी भिखनी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में कीटनाशक पीने से गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार फरसा बहार अंतर्गत ग्राम धौरासांड निवासी जितिया पात्रे पति धोना पात्रे (51 वर्ष) 14 अप्रैल को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसके फरसा बहार अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजस्थान अंतर्गत झलवार निवासी शकुंतला कुमारी प्रजापति पति रंजीत (26 वर्ष) 15 दिन पूर्व मायके ग्राम हरिगवा आई थी। 10 अप्रैल को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सहायक शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति गठित

**रामानुजगंज।** सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष देव नारायण गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने तथा विभिन्न शैक्षणिक और सेवा संबंधी मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरोध में चल रहे देशव्यापी आंदोलन पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि इस निर्णय के विरोध में देशभर के शिक्षक लामबंद हैं और निरंतर आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी हैं। ऐसे समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आंदोलन को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ज़िला प्रवक्ता प्रभाकर मुखर्जी ने अपने संबोधन में टीईटी अनिवार्यता, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, समयमान वेतन, क्रमोन्नत वेतन एवं पदोन्नति जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

### छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नाम विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के उपाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग की है। आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से चुनाव न होने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी समस्याएं प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

## हवन-पूजन के बाद बालाजी मंदिर से निकली शोभायात्रा, मेधावी छात्र, वरिष्ठजन और समाजसेवियों का सम्मान

# परशुराम जयंती पर जशपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर रविवार को जशपुर शहर भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता के रंग में रंगा नजर आया। सर्व ब्राह्मण समाज जशपुर के तत्वावधान में बालाजी मंदिर प्रांगण में विश्व कल्याण, शांति और समृद्धि की कामना से भव्य पूजन-हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद सुबह 10 बजे शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान "भगवान भगवान परशुराम की जय" के जयघोषों से शहर गूंजता रहा।

श्रद्धा और अनुशासन से सजे इस आयोजन ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय चौबे ने की, जबकि यजमान के रूप में सुदीप मुखर्जी उपस्थित रहे। पुरोहित पंडित मनोज ⏭ शेष पेज 4 पर





### महिलाओं की नई समिति का गठन

सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष परमानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में महिलाओं की एक नई समिति का गठन किया गया। समिति भविष्य में महिला शिक्षा, सामाजिक उत्थान और समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों का संचालन करेगी। इस निर्णय का समाजजनों ने स्वागत किया।

### सामूहिक भोज के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में शीतल मिश्रा, प्रवीण पाठक, कमल दुबे, ओम प्रकाश पांडे, दिनेश तिवारी, आलोक मिश्रा, अमित मिश्रा, मनभरण त्रिपाठी, सुधीर पाठक, अरविंद सतपथी, जयप्रकाश पाठक, कोलेश्वरजी, विद्यासागर उपाध्याय, विनोद मिश्रा, प्रेमप्रकाश त्रिपाठी, विंध्याचल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



### बालाजी मंदिर से निकली शोभायात्रा, शहर बना भक्तिमय

पूजन के बाद सुबह 10 बजे बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर महाराज चौक, सन्ना रोड, शिव मंदिर मार्ग होते हुए पुनः बालाजी मंदिर पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं के हाथों में भगवा ध्वज लहराते रहे। ढोल-नगाड़ों, जयघोषों और धार्मिक नारों के बीच निकली यात्रा से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस बालाजी मंदिर पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को डॉ मंगल किशोर पाठक एवं मनोज रमाकांत मिश्रा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, संस्कार, संगठन और युवा शक्ति के महत्व पर जोर देते हुए एकजुट रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव मनोज गौतम शर्मा ने किया।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक
- ब्लैक स्पॉट सुधार, सड़कों पर साइन बोर्ड व मार्किंग के निर्देश

जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी स्तरों पर कड़ाई से नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। यह पहल जिले में दुर्घटनाओं को कम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बैठक में कलेक्टर व्यास ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि, सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित चिकित्सा सहायता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि, दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि एम्बुलेंस समय पर पहुंचकर घायलों को शीघ्र उपचार मिल सके। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक फड़तरे, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### यातायात नियम उल्लंघन पर कड़ी निगरानी

कलेक्टर ने ओवर स्पीड, बिना हेलमेट वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बार-बार नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि, कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस वाहन न चलाए। साथ ही परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि स्कूल एवं कॉलेजों में लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि छात्र-छात्राएं विधिवत लाइसेंस प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि उनके कार्यालयों में आने वाले कर्मचारी हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैक स्पॉट सुधार पर विशेष जोर

बैठक में जिले के विभिन्न ब्लैक स्पॉट जैसे लोरो बगीचा, बधिमा, केसरा, भीमसीला, हर्राडीपा एवं चराईडांड की समीक्षा करते हुए वहां सुधारात्मक कार्यों को प्राथमिकता से लागू करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से श्री नदी पर स्थित संकरे पुल के दोनों ओर रंबल स्ट्रिप लगाने, स्पीड नियंत्रण उपाय लागू करने एवं सोलर लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। कलेक्टर ने सड़कों पर मार्किंग, साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप आदि आवश्यक यातायात संकेतकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं से दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# बिसवाल ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के उप संचालक अवनि बिसवाल ने सोमवार को जशपुर परियोजना के तपकरा, कुनकुरी परियोजना के डुगडुगिया, दुलदुला परियोजना के खटंगा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया और और पोषण पखवाड़ा की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पखवाड़ा की 6 थीमों पर हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें अपने बच्चों को रोज आंगनबाड़ी केन्द्रों में भेजने की सलाह दी। उन्होंने रेडी टू ईट फूड का हितग्राही को कैसे उपभोग करना है इसकी भी जानकारी प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी जशपुर योगेश भगत और जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव उपस्थित रहे। विदित हो कि 20 फरवरी को पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों के अवलोकन के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के उप संचालक अवनि बिसवाल का जशपुर जिले में आगमन हुआ है।




# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बटूराबहार में रविवार देर शाम एक 22 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान शारदा बंजारा उम्र 22 वर्ष पिता स्व कत्थे राम बंजारा, निवासी बटूराबहार के रूप में हुई है।



बताया जा रहा है कि, माता-पिता के निधन के बाद मृतका अपने चाचा फतेराम बंजारा के साथ रह रही थी। परिजनों के अनुसार, घटना की रात शारदा ने परिवार के लिए खाना बनाकर दिया। भोजन के बाद वह बर्तन धोने के लिए बाहर गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। संदेह होने पर परिजन जब घर के अंदर पहुंचे तो, उसे रसोई कक्ष में लकड़ी के सहारे प्लास्टिक रस्सी से फंदा लगाकर लटकी हुई पाया। तत्काल उसे नीचे उतारकर देखा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवती का एक युवक से प्रेम संबंध था, जिसके चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों की पुष्टि नहीं हो पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- प्रमाण पत्र निर्माण व नवीनीकरण की मिलेगी सुविधा

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के दिव्यांगजनों को प्रमाणन एवं यूडीआईडी सुविधा प्रदान करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 अप्रैल 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस शिविर में जनपद पंचायत पत्थलगांव क्षेत्र के समस्त दिव्यांगजनों का नवीन प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। यह शिविर दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में आने वाले हितग्राहियों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा दिव्यांगता दर्शाने वाला फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने यह भी सलाह दी है कि, जिन हितग्राहियों का मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है या अपडेट करने की आवश्यकता है, वे शिविर में आने से पहले ही नजदीकी आधार केंद्र में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा लें, ताकि पंजीयन प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो।

### दिव्यांगजनों को मिलेगा सीधा लाभ

शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। यूडीआईडी कार्ड बनने से उनकी पहचान और प्रमाणन प्रक्रिया सरल होगी, जिससे विभिन्न योजनाओं में पारदर्शिता और त्वरित लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा। समाज कल्याण विभाग ने क्षेत्र के सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि, वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। यह पहल दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# जशपुर में नशे के खिलाफ चलेगा सख्त अभियान

## कलेक्टर की अध्यक्षता में एनकार्ड समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक और सख्त कार्य योजना लागू की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति की बैठक हुई।

बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने सभी संबंधित विभागों को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, निगरानी और जनजागरूकता अभियान को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर व्यास ने नशे से पीड़ित व्यक्तियों को उपचार हेतु नशा मुक्ति केंद्र जाने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया है। इसके लिए नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से सहायता प्राप्त कर सकें। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक फड़तरे, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### कर्मचारियों के लिए भी सख्त नियम

कलेक्टर ने कहा कि, यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी नशे की लत से ग्रसित पाया जाता है, तो उसे अनिवार्य रूप से एक माह तक नशा मुक्ति केंद्र में उपचार लेना होगा। यह कदम प्रशासनिक अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सहभागिता से ही इसे सफल बनाया जा सकता है। यह पहल जिले को नशामुक्त बनाने और सुरक्षित, स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

### मेडिकल स्टोर्स और ढाबों की सख्त जांच

ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है कि मेडिकल स्टोर्स की गहन जांच कर अवैध एवं नशीली दवाइयों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। आबकारी विभाग को हाइवे पर स्थित होटल-ढाबों में अवैध शराब बिक्री की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### नशा तस्करी पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई

कलेक्टर एवं एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त निगरानी रखने, नियमित चेकिंग करने और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कोटपा एक्ट के तहत निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। विशेष रूप से स्कूलों के आसपास 100 मीटर के दायरे में गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर गुमास्ता एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। समाज कल्याण विभाग को "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके।

## बिना हेलमेट-सीट बेल्ट पर 14 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

# कलेक्टोरेट में सड़क सुरक्षा पर अभियान के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार से कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट और सीट बेल्ट को अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार अब दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाए बिना कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश नहीं देने के निर्देश दिए है।

उक्त निर्देश के अनुपालन में एसएसपी लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 28 प्रकरण दर्ज किए गए। 24 प्रकरण बिना हेलमेट और 4 बिना सीट बेल्ट के मामलों में कुल 14 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर ही की गई, जिससे यह संदेश स्पष्ट हुआ कि नियम सभी के लिए समान हैं। कलेक्टर व्यास ने स्पष्ट किया कि, यह व्यवस्था सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होगी। उन्होंने कहा कि शासकीय अमला स्वयं यातायात नियमों का पालन कर समाज के सामने सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करे। यह निर्णय कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले जोखिम को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि, ⏭ शेष पेज 4 पर



### सुरक्षा को लेकर संयुक्त अपील

कलेक्टर एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि, यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टोरेट में लागू यह सख्त व्यवस्था न केवल अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करेगी, बल्कि जिलेभर में सड़क सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पहली किस्त मिलने के बाद महीनों से अटकी दूसरी किस्त की राशि

# आधे-अधूरे पीएम आवास ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी, उधार लेकर करा रहे निर्माण




आधे-अधूरे पीएम आवास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना जहां हजारों गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान का सपना लेकर आई, वहीं जिले के कई गांवों में यह योजना अब अधूरी उम्मीदों का प्रतीक बनती नजर आ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी प्रतापपुर ब्लॉक के हितग्राहियों को झेलनी पड़ रही है, जहां बड़ी संख्या में गरीब और विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के परिवार आधे अधूरे पीएम आवास की समस्या से जूझ रहे हैं।

**खास बात**

- प्रतापपुर ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित है हितग्राही

ग्रामीणों के अनुसार योजना के तहत उन्हें मकान स्वीकृत तो हुआ, पहली किस्त भी मिली, लेकिन उसके बाद की राशि महीनों से अटकी हुई है। किसी तरह मजदूरी कर या उधार लेकर उन्होंने अपने घरों की दीवारें खड़ी कर दीं और डीपीसी तक निर्माण कार्य पूरा किया। लेकिन दूसरी किस्त नहीं मिलने से अब निर्माण पूरी तरह ठप पड़ गया है। प्रतापपुर ब्लॉक के कई गांवों में एक जैसी स्थिति है। आधे-अधूरे मकान खुले में खड़े हैं और परिवार असुरक्षित हालात में रहने को मजबूर हैं। कई जगहों पर दीवारें तो खड़ी हैं, लेकिन छत नहीं होने के कारण लोग फिर से पुराने कच्चे घरों या अस्थायी झोपड़ियों में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता ने पूरी योजना की गति को प्रभावित कर दिया है। विशेष रूप से प्रतापपुर ब्लॉक में यह समस्या व्यापक रूप से देखने को मिल रही है, जहां अधिकांश हितग्राही परेशान हैं और समाधान की प्रतीक्षा करने को मजबूर हैं। हितग्राहियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून का खतरा भी सामने है। यदि समय रहते निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो अधूरे मकान और भी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, जिससे गरीब परिवारों की स्थिति और खराब हो जाएगी।

### लंबित है मजदूरी भुगतान

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा के तहत मिलने वाली मजदूरी भी समय पर नहीं मिल रही है। तीन से चार महीने से मजदूरी भुगतान लंबित है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों में खाने तक के लाले पड़ गए हैं और लोग कर्ज लेकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं।

### दूसरी किस्त जारी करने की मांग

प्रभावित हितग्राहियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द से जल्द दूसरी किस्त जारी की जाए और मनरेगा मजदूरी का भुगतान किया जाए, ताकि वे अपने अधूरे घरों को पूरा कर सकें। हितग्राहियों का कहना है कि कई बार जनपद और जिला स्तर के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सभी को मिल रही है राशि

पीएम आवास निर्माण की राशि सभी को मिल रही है। जिनको पैसा नहीं मिला है वे अपना नाम लिखवा सकते है। मै दिखवाता हूं।

-अनिल तिवारी, जनपद सीईओ



सड़क किनारे फेंका गया मलबा।

# क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा फेंका सड़क किनारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के वन-बी हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित बंगाली क्लब के पास क्वार्टर मरम्मत के बाद निकला मलबा और कचरा पिछले दो महीनों से सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- दो माह से कॉलोनीवासियों को हो रही परेशानी

जानकारी के अनुसार, मरम्मत कार्य के बाद ठेकेदार ने क्वार्टर से कचरा निकलवाकर उसे सड़क किनारे डाल दिया और उसके बाद से अब तक उसका उठाव नहीं कराया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने कचरा निपटान की जिम्मेदारी नगर पंचायत पर छोड़ दी, जबकि नगर पंचायत अमले का कहना है कि यह कचरा एसईसीएल के कार्य से संबंधित है, इसलिए इसका निपटान ठेकेदार को ही करना चाहिए। उक्त क्षेत्र नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10, महाराणा प्रताप वार्ड में आता है। स्थानीय पार्षद द्वारा कचरा उठवाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन जिम्मेदारी तय न होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल है। एसईसीएल द्वारा साफ-सफाई और मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये की निविदाएं जारी की जाती हैं, वहीं नगर पंचायत में भी दर्जनों सफाई कर्मचारी तैनात हैं, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर हालात खराब हैं। लोगों का आरोप है कि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। नालियों की सफाई के बाद कचरा वहीं छोड़ दिया जाता है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे कॉलोनीवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत और एसईसीएल प्रबंधन से जल्द से जल्द कचरा हटाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति गठित

**रामानुजगंज।** सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष देव नारायण गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने तथा विभिन्न शैक्षणिक और सेवा संबंधी मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। समिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरोध में चल रहे देशव्यापी आंदोलन पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि इस निर्णय के विरोध में देशभर के शिक्षक लामबंद हैं और निरंतर आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी हैं। ऐसे समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आंदोलन को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ज़िला प्रवक्ता प्रभाकर मुखर्जी ने अपने संबोधन में टीईटी अनिवार्यता, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, समयमान वेतन, क्रमोन्नत वेतन एवं पदोन्नति जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष लवंग साय राही ने संगठन के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के नाम विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई के उपाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल करने की मांग की है। आदित्य विभु जायसवाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से चुनाव न होने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी समस्याएं प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छात्र हितों की रक्षा के लिए चुनाव कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा कर पारदर्शी तरीके से चुनाव कराए जाना आवश्यक हैं। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंकज जायसवाल, एनएसयूआई जिला महासचिव सूर्यकांत रवि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में कीटनाशक पीने से गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार फरसा बहार अंतर्गत ग्राम धौरासांड निवासी जितिया पात्रे पति धोना पात्रे (51 वर्ष) 14 अप्रैल को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसके फरसा बहार अस्पताल से जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजस्थान अंतर्गत झलवार निवासी शकुंतला कुमारी प्रजापति पति रंजीत (26 वर्ष) 15 दिन पूर्व मायके ग्राम हरिगवा आई थी। 10 अप्रैल को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# परशुराम जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** भगवान परशुराम की जयंती पर केशरवानी भवन में पूर्व एडीआईएस ब्रह्माशंकर सिंह, डॉ. उमेश पांडेय, पं. रामनारायण शर्मा और सच्चिदानंद पांडेय के आतिथ्य व साहित्यकार बीडी लाल की अध्यक्षता में विचारगोष्ठी एवं सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम और मां हंसवाहिनी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। पं. रामनारायण शर्मा ने भगवान परशुराम को सात चिरंजीवी में से एक बताते हुए कहा कि वे शस्त्र और शास्त्र विद्या में पारंगत थे। पिता के आज्ञापालक, माता के जीवन रक्षक, भातृ-प्रेम के निर्वहनकर्ता, अन्यायी-अत्याचारियों के विनाशक, सज्जनों के रक्षक और नारी जाति को सम्मान देनेवाले महापुरुष थे। उन्होंने जन्म से ब्राह्मण होकर भी अनीति और अन्याय का नाश करने के लिए क्षात्र धर्म का परिपालन किया। वे भगवान-विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। वे मात्र एक योद्धा नहीं थे बल्कि महान शिक्षक भी थे। साहित्यकार बीडी लाल ने परशुराम को धर्म और न्याय का एक प्रतीक बताते हुए कहा कि वे हमें आततायी व्यवस्था के विरूद्ध निरंतर संघर्ष करने का संदेश देते हैं। उनका जन्म अहिंसक ब्राह्मण कुल में अवश्य हुआ था परंतु उन्होंने अत्याचार के विरूद्ध शस्त्र उठाने में संकोच नहीं किया। सहस्त्रार्जुन और राम-लक्ष्मण के बीच हुआ विवाद इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। विचारक ब्रह्माशंकर सिंह का कहना था कि भार्गव परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। यह तिथि पूजा, दान और अच्छे कार्य के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन किए गए पुण्य कार्यो का फल कभी समाप्त नहीं होता। भगवान परशुराम के कार्य और जीवन संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रेरक हैं। शक्ति, ज्ञान और कौशल का प्रयोग हमें धर्म और समाज हित में करना चाहिए। पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने परशुराम को वैदिक संस्कृति का महान्‌ प्रचारक बताया और कहा कि उन्होंने भारत में कोंकण, गोवा, केरल सहित अनेक ग्राम भी बसाए। वे प्रकृति के सच्चे संरक्षक थे और वे उसे उसके मूल स्वरूप में सदैव जीवंत और हरीतिमा से आच्छादित देखना चाहते थे। कार्यक्रम को चन्द्रभूषण मिश्र ने भी संबोधित किया और रेणुकानंदन के कार्यों को संपूर्ण लोक समाज के लिए सर्वथा हितैषी व अनुकरणीय बताया। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुन्दलाल साहू ने परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अनेक दोहे सुनाए। उन्हें शस्त्र विद्या का महान्‌ शिक्षक बताया। कवयित्री आशा पांडेय ने उनके क्रोधी स्वभाव का विशेष रूप से वर्णन किया। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. माधुरी जायसवाल ने परशुराम की अमरता का बोध कराया। कवयित्री आशा मिश्रा ने अपनी कविता में परशुराम की तरह जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। डॉ. उमेश पांडेय, कवि बंशीधर लाल, कवि चन्द्रभूषण मिश्र, अजय सागर और राजेन्द्रराज की कविताओं को भी सबने सराहा। आभार-ज्ञापन संस्था की उपाध्यक्ष आशा पांडेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद, तृषा, मदालसा गुप्ता एवं केशरवानी वैश्यसभा के उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सरगुजा में बढ़ता हाथियों का आतंक, ग्रामीणों का आरोप वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में मानव-हाथी संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। हाल ही में सूरजपुर जिले के कल्याणपुर निवासी केशव भोय की हाथियों के हमले में मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। वहीं घटना के 24 घंटे के भीतर ही घाघीटिकरा अखोरा में एक अन्य व्यक्ति पर हाथी द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई है।

स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे लापरवाही का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि हाथियों की निगरानी, उनके आवागमन मार्गों की सुरक्षा तथा समय पर अलर्ट जारी करने जैसे जरूरी उपाय प्रभावी रूप से लागू नहीं किए जा रहे हैं। फॉरेस्ट रैपिड रिस्पांस टीम और टास्क फोर्स के गठन के बावजूद घटनाओं में कमी नहीं आ रही है।मृतक केशव भोय के परिजनों के लिए जन अधिकार परिषद छत्तीसगढ़ के संयोजक त्रिभुवन सिंह ने मांग की है कि परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, बच्चों की शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन उठाए और कम से कम 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही वन विभाग द्वारा तत्काल 6 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान मुआवजा प्रावधान अपर्याप्त हैं। मौत के मामले में लगभग 6 लाख रुपये, फसल नुकसान पर 9000 रुपये प्रति एकड़ और मकान क्षति पर 50 हजार की सहायता को वास्तविक नुकसान के मुकाबले बेहद कम बताया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि फसल नुकसान का मुआवजा औसत उत्पादन मूल्य के आधार पर दिया जाए या फिर बीमा व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि सायरन, अर्ली वार्निंग सिस्टम, जीपीएस और ड्रोन निगरानी जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी नहीं हैं और गांवों में जागरूकता अभियान भी नहीं चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन जान-माल की हानि हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल मुआवजा बढ़ाना पर्याप्त समाधान नहीं है, बल्कि हाथियों के मूवमेंट की वैज्ञानिक निगरानी, कॉरिडोर की सुरक्षा, और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के साथ ठोस रणनीति बनाना आवश्यक है। लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच अब जरूरत है कि शासन-प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

# आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बच्चों के लिए प्रज्ञा योग इंट्यूशन क्लास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



कोयलांचल क्षेत्र में पहली बार आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में बच्चों के लिए प्रज्ञा योग यानि इंट्यूशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया,यह ऑफलाइन क्लास 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित हुई, जिसमें बिश्रामपुर, सूरजपुर और अंबिकापुर के बच्चों ने हिस्सा लिया।

आयोजकों के अनुसार, वर्तमान समय में बच्चे अत्यधिक मोबाइल उपयोग, जंक फूड, गलत संगत, गुस्सा और अवसाद जैसी समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित की जा सके।यहां पर वरिष्ठ प्रशिक्षकों रूपा सिंह और राजेंद्र देवांगन ने बच्चों को इंट्यूशन अर्थात अंतर्ज्ञान विकसित करने के लिए विभिन्न अभ्यास कराए। कार्यक्रम के दौरान ब्लाइंडफोल्ड आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियां कराई गईं, जिनमें बच्चों ने रंग पहचानना, अक्षर पहचानना और किताब पढ़ने जैसे अभ्यास किए। साथ ही योगासन और ध्यान के माध्यम से स्मरण शक्ति बढ़ाने और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर भी जोर दिया गया। आयोजकों का दावा है कि कोर्स के दौरान बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला। कई बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर गतिविधियों को सफलतापूर्वक किया, जिसे देखकर अभिभावक भी आश्चर्यचकित रह गए,इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई में फोकस बढ़ाने और नकारात्मक आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ससुराल से लौट रहे बाइक सवार को ग्राम कोरजा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा निवासी सूर्य देव आ. सुभाष श्याम (25 वर्ष) गत दिन बाइक से अपने ससुराल ग्राम चैनपुर गया था। शाम को युवक वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कोरजा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 5400 विद्यार्थियों ने की भागीदारी, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुआ। परीक्षा में जिले भर से 5 हजार 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रावीण्य सूची के आधार पर कक्षा 5वीं से 12वीं तक के प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड, पुरस्कार राशि एवं साहित्य देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के केपी शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केपी शर्मा ने अपने संबोधन में आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवन दर्शन, उनके द्वारा बताए गए जीवन मूल्यों एवं गायत्री परिवार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक कक्षा के अनुसार नाममात्र शुल्क लेकर पंजीयन कराया जाता है और प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर के साथ ही राज्य स्तर पर भी पुरस्कृत किया जाता है। जिले से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरता की छात्रा कुमारी पूजा आ.राम नरेश का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है, जिन्हें 25 अप्रैल को गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रशेखर साहू, विष्णु प्रजापति, गोपाल सिंह, हरिहर वर्मा, अवधेश गोयल, पवन कुमार गर्ग, लोचन प्रसाद गुप्ता, जवाहर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



### धीमी नाली निर्माण को लेकर नगर वासियों में भारी आक्रोश

**राजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में धीमी नाली निर्माण से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे आये दिन सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। धीमे नाली निर्माण से अब नगरवासियों के काफी रोष है। करोड़ो की लागत से अंबिकापुर से रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर निर्माण कार्य प्रारंभ है। शहर एवं बस्तियों में नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण राजपुर नगर में भी लगभग तीन किलोमीटर तहसील कार्यालय से लेकर गेयुर नदी तक किया जाना है। ठेकेदार द्वारा नगर में नाली का निर्माण तो कराया जा रहा है परंतु नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से होने के कारण नगरवासी काफी परेशान हैं। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे सड़कों पर आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है। नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से निकले मलवा के सड़क पर होने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आधे अधूरे नाली निर्माण से नगरवासियों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि घर के सामने नाली बनाकर छोड़ दिया गया है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अत्यधिक रक्तस्राव होने से गंभीर गर्भवती महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रसव पीड़ा के साथ अत्यधिक रक्तस्राव से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं महिला के बाद गर्भ में पल रहे 9 माह शिशु की भी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम रमगवां कौशल्या श्यामले पति राज कुमार (32 वर्ष) 9 माह की गर्भवती थी। एक माह पूर्व ही मायके वाड्रफनगर आई थी। 17 अप्रैल को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच प्रसव पीड़ा के साथ रक्त स्त्राव होने पर चिकित्सकों ने महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रसूता को अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से पहले मां की फिर गर्भ में पल रहे 9 माह के शिशु की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# महावतार परशुराम का पहला पोस्टर और टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होम्बेल फिल्म्स ने 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर फिल्म 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर जारी किया है। साथ ही टीजर भी पेश किया है। बता दें कि भगवान विष्णु के दस अवतारों पर आधारित सात भागों वाले एनिमेटिड 'महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स' की यह दूसरी किस्त है। इससे पहले फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' काफी पसंद की गई थी। होम्बले फिल्म्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसके जरिए 'महावतार परशुराम' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म का पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में रिलीज किया गया है।

लाइफStyle



# अक्षय

## 'भूत बंगला' ने मारी दहाड़

अक्षय कुमार और दिग्गज डायरेक्टर प्रियदर्शन की जादुई जोड़ी ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया है। हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी फिल्मों का स्वाद चख चुके फैंस के लिए 'भूत बंगला' किसी ट्रीट से कम नहीं है। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद जब यह जोड़ी पर्दे पर लौटी, तो दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और पॉजिटिव माउथ पब्लिसिटी का नतीजा अब इसके कलेक्शन में साफ दिख रहा है। शुरुआती रुझानों के बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया है, जो अक्षय के गिरते कॅरियर ग्राफ के लिए एक बड़ी संजीवनी साबित हो सकती है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी पकड़ दिखाई है। शुरुआती रुझानों और पॉजिटिव रिव्यू को देखते हुए उम्मीद है कि फिल्म पहले वीकेंड पर तगड़ी कमाई करेगी। अक्षय की कॉमेडी और प्रियदर्शन का डायरेक्शन एक बार फिर कमाल करता दिख रहा है। फिल्म ने दो दिन में ग्रॉस 42 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं, नेट 35 करोड़ कमाए। इसी के साथ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 61.50 करोड़ का कलेक्शन किया। ओवरसीज मार्केट में 19.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को पहले दिन 12 हजार और दूसरे दिन 11 हजार के करीब शोज मिले। तीसरे दिन भी फिल्म धमाकेदार कमाई की। फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। आकाश कौशिक ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। वहीं परेश रावल, राजपाल यादव, वामिका गब्बी, तबु, मिथिला पालकर जैसे स्टार्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



# स्कॉर्पियन्स ने रद्द किया इंडिया टूर

**लॉस एंजिल्स।** जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स' की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई कि वे अपना इंडिया टूर रद्द कर रहे हैं। जर्मन रॉक बैंड 'स्कॉर्पियन्स के एक सदस्य को मेडिकल इश्यूज हो गया है। वह सदस्य बीमार हैं। ऐसे में यह रॉक बैंड अपना इंडिया टूर रद्द कर रहा है। यह जानकारी इंडिया टूर के आयोजकों ने सोशल मीडिया पर साझा की है। बता दें कि यह बैंड 21 अप्रैल को शिलॉन्ग के जेएन स्टेडियम में परफॉर्म करने वाला था। इसके बाद 24 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर, 26 अप्रैल को बेंगलुरु और 30 अप्रैल को मुंबई में इनके कॉन्सर्ट होने वाले थे।



# सिंगर मलिक पांच सोलो एल्बम कर चुके हैं रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर ब्रिटिश सिंगर के फैंस दुनिया भर में मौजूद हैं। भारत में भी इस सिंगर को पसंद किया जाता हैसिंगर जेन मलिक का नया एल्बम 'कोन्नाकोल' काफी दिनों से चर्चा में था। जिस दिन यह एल्बम रिलीज होना था, उसी दिन सिंगर को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जेन ने अपना हेल्थ अपडेट म्यूजिक एल्बम 'कोन्नाकोल' के रिलीज होने के कुछ ही घंटों बाद दिया है। 2015 में वन डायरेक्शन म्यूजिक बैंड छोड़ने के बाद यह उनका पांचवां एल्बम है। बिलबोर्ड के मुताबिक जेन मलिक ने कहा, 'अब तक पांच सोलो एल्बम आ चुके हैं। मैं इस बात से बहुत उत्साहित था कि बैंड छोड़ने के बाद अपना पहला सोलो एल्बम बना पाया। लोगों ने भी उसमें दिलचस्पी दिखाई। मुझे इस बात पर प्राउड फील होता है। जेन मलिक के पिछले चार एल्बम बिलबोर्ड 200 चार्ट में जगह बना चुके हैं।



# भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** रविवार सुबह तमन्ना भाटिया ने तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के अवतार विष्णु के दर्शन किए। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला की सात पहाड़ियों पर स्थित है। इसकी खास झलक तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। तमन्ना ने 19 अप्रैल को रविवार के दिन भगवान विष्णु के अवतार भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। तमन्ना ने इसकी खास झलक अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंदिर से एक खास वीडियो अपने फैंस के लिए शेयर किया है। इस वीडियो में तमन्ना माथे पर लाल बिंदी लगाए लाल चुनरी पहने नजर आ रही हैं, जिसके पीछे 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन सुनाई दे रहा है।



# सलमान की फिल्म की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि'के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त'लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया। डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'

टीवी मसाला




# अविनाश और ईशा के गाने शुक्रिया में दिखी शादी की झलक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 से मशहूर हुई जोड़ी अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह एक बार फिर साथ नजर आ रही है। दोनों इस बार अंशुल गर्ग के गाने 'शुक्रिया' में दिखाई दे रहे हैं, जो फैंस के बीच दो ही दिन में पॉपुलर भी हो गया है। जब अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लिया था, तब वे जल्दी ही दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे और लोग उन्हें एक साथ देखना पसंद करने लगे थे। उनकी केमिस्ट्री शो की खास बातों में से एक थी, और तभी से दर्शक उन्हें फिर से ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन साथ देखने का इंतजार कर रहे थे, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। हाल ही में दोनों ने अपने हाथों की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया था, जिससे लोग सोचने लगे थे कि दोनों क्या नया करने वाले हैं। अब यह साफ हो गया है कि अविनाश और ईशा ने 'शुक्रिया' नाम के एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ काम किया है, जिसे अंशुल गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। अंशुल गर्ग अपने गानों में फेमस जोड़ियों को साथ लाने के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी उन्होंने वही किया है। यह गाना आज रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो में अविनाश और ईशा की एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है, जिसमें वे शादी की रस्में निभाते नजर आते हैं, जैसे हल्दी और फेरे। उनकी वापसी से दर्शकों में काफी खुशी है और दोनों की केमिस्ट्री ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। फैंस उनकी जोड़ी और बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। गाने में हल्दी, मेहंदी और शादी से लेकर सभी खास पलों को दिखाया गया है।

## शाहरुख के लिए लिख चुकी हैं गाना

**नई दिल्ली।** 'शाका लाका बूम बूम' की ऋतु याद है, जो टॉम बॉय थी और लड़कों से भी भिड़ जाती थी? वह रोल साईनी राज ने निभाया था। वह अब एक्टिंग छोड़ चुकी हैं और शाहरुख खान के लिए गाना भी लिख चुकी हैं। 26 साल में वह काफी बदल चुकी हैं। ऋतु के किरदार को साईनी राज ने निभाया था, जो एक पॉपुलर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। साईनी राज एक कवयित्री, राइटर, लिरिसिस्ट और एक वर्चुअल बुक क्लब की फाउंडर हैं। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान 'सब सही जाएगा' गाना लिखा था, जिसे शाहरुख खान ने गाया था। यही नहीं, साईनी राज रैपर और सिंगर बादशाह के साथ भी काम कर चुकी हैं और एक शॉर्ट फिल्म भी लिखी। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए साईनी राज ने खूब रिजेक्शन झेला था। साईनी राज ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 7 साल की उम्र में की थी। उन्होंने जो पहला एक्ट किया था, उसके लिए 300 रुपये मिले थे। हालांकि, साईनी राज का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने एक बार बताया था कि विज्ञापनों के लिए वह 300 बार तक ऑडिशन दे चुकी थीं।



# निकिता ने मिस इंडिया वर्ल्ड साध्वी को पहनाया ताज, ईशान ने किया परफॉर्म...

**नई दिल्ली।** 18 अप्रैल को भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस भव्य प्रोग्राम में गोवा की साध्वी सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब जीता है। उन्होंने भारत की 30 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर यह सौंदर्य प्रतियोगिता जीती है। मिस इंडिया प्रतियोगिता में कई पल बहुत खास रहे। मिस इंडिया प्रतियोगिता में विजेता के तौर पर साध्वी सैल के नाम का ऐलान हुआ। इसके बाद उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल ने ताज पहनाया। यह पल काफी खास था। अब साध्वी मिस इंडिया प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

***पहली और दूसरी रनरअप को पहनाया गया ताज :*** साध्वी ने राजनंदिनी और अद्वैता को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया है। मिस इंडिया 2026 में महाराष्ट्र की रहने वाली राजनंदिनी फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, चेन्नई की रहने वाली अद्वैता सेकंड रनर अप बनीं। राजनंदिनी फेमिना मिस इंडिया महाराष्ट्र रह चुकी हैं। वहीं अद्वैता फेमिना मिस इंडिया यूनियन टेरिटरी रह चुकी हैं। प्रतियोगिता में इन दोनों को ताज पहनाया गया। इस मौके पर साध्वी ने भी खुशी जताई।



***नेहा ने किया साध्वी को सम्मानित :*** यह बहुत ही हैरानी भरा पल था, जब मिस इंडिया के नाम का एलान हुआ। विनर के तौर पर जब साध्वी के नाम का एलान हुआ, तो वह हैरान हो गईं। वह लगभग रोने वाली थीं। विजेता के तौर पर उनके नाम की घोषणा होने के बाद अभिनेत्री नेहा धूपिया ने उन्हें सम्मानित किया।

***जुबिन ने दी परफॉर्मेंस :*** भुवनेश्वर के केआईआईटी में 61वीं मिस इंडिया प्रतियोगिता में ईशान खट्टर ने एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस दी। वहां मौजूद लोगों ने उनके डांस की तारीफ की। इसी कड़ी में जुबिन नौटियाल ने भी परफॉर्मेंस दी। उनकी आवाज ने प्रोग्राम में समां बांध दिया।

***लॉरेन ने डांस से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध :*** अमेरिकी डांसर और अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में डांसर के तौर पर शानदार परफॉरमेंस दी। उन्होंने अपने मूव्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को दर्शाते हुए डांस किया।

# दूसरी बार मां बनने वाली हैं दीपिका



**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर वे 'धुरंधर 2' को लेकर तारीफें बटोर रहे हैं। वहीं, निजी जिंदगी में भी एक्टर की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दी है। वे दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने रविवार को फैंस के साथ खुशखबरी साझा की है। वे दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। दीपिका पादुकोण ने दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी अपनी बिटिया दुआ के हाथों साझा की है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी बिटिया दुआ नजर आ रही हैं। पापा रणवीर ने बेटी को गोद में थामा हुआ है। हालांकि, रणवीर का चेहरा नहीं दिख रहा, सिर्फ हाथ नजर आ रहे हैं। वहीं, दुआ का आधा चेहरा दिख रहा है। उनके हाथों में प्रेग्नेंसी किट है। इसके साथ दीपिका ने कैप्शन में इविल आई इमोजी लगाई है। दीपिका पादुकोण के पोस्ट पर फैंस बधाई दे रहे हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिए हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं। परिणीति चोपड़ा, अनन्या पांडे, सामंथा रुथ प्रभु, कियारा आडवाणी, फलक नाज, दानिश पंडोर सहित कई सेलेब्स ने बधाई दी है और रेड हार्ट इमोजी पोस्ट किए हैं। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साल 2018 में शादी रचाई थी। शादी के करीब छह साल बाद कपल ने पहली संतान के रूप में बेटी दुआ का स्वागत किया। दीपिका और रणवीर की बिटिया दुआ का जन्म 8 सितंबर 2024 को हुआ था। अब वे दूसरे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। दुआ अब दीदी बनने वाली हैं।

## मौत के 30 साल बाद बने नंबर वन कंपोजर

# मदन मोहन की 1950 की वो धुन, जिससे निकला वीर जारा का हिट गाना

*नई दिल्ली। मदन मोहन की एक ऐसी धुन के बारे में बता रहे हैं, जिसे उन्होंने 1950 में कंपोज किया था, पर यह 2004 में जाकर ब्लॉकबस्टर हुई। दुख की बात है कि तब तक मदन मोहन यह सोचते-सोचते ही इस दुनिया से चले गए कि वो किसी काम के नहीं। मौत के 30 साल बाद वह नंबर वन कंपोजर बने। उस धुन से जो गाना बना था, वो है 'तेरे लिए हम हैं जिए'। इस शख्स को 'गजल किंग' बुलाया जाता है। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तो उन्हें 'गजल का शहजादा' कहकर बुलाती थीं। उन्होंने आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, नैना बरसे रिमझिम रिमझिम और ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं जैसे सुपरहिट गाने दिए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 700 से ज्यादा गाने कंपोज किए थे और वो सभी सुपरहिट रहे थे। यहां इस स्पेशल सेगमेंट में मदन मोहन के अलावा उनके उस गाने के बारे में बता रहे हैं, जो कंपोज तो 50 के दशक में किया गया था, पर साल 2004 में वह बंपर हिट हुआ था।*

**खूबसूरत कंपोजिशन :** मदन मोहन का पूरा नाम मदन मोहन कोहली था। उन्होंने 50, 60 और 70 के दशक में ढेरों गानों के लिए खूबसूरत मेलोडी और ट्यूंस बनाईं, गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और तलत महमूद के साथ मिलकर कई खूबसूरत और यादगार कंपोजिशन दीं। मदन मोहन कितने टैलेंटेड और अनमोल कंपोजर थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फिल्म 'वीर जारा' के सभी 11 गाने असल में उन्हीं के कंपोजिशन में बनाए गए। उन गानों को मदन मोहन की बनाई ट्यून्स से कंपोज किया गया, जिसमें बेटे संजीव कोहली ने मदद की।

### पुलिस फोर्स में थे मदन मोहन के पिता

मदन मोहन बगदाद में पैदा हुए थे और उनके पिता वहां इराकी पुलिस फोर्स में अकाउंटेंट जनरल के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि वहां की पुलिस फोर्स मदन के पिता पर बगदाद में ही रहने का दबाव बनाने लगी। पर पिता परिवार को लेकर पंजाब के झेलम के चकवाल गांव में आ गए। वो वहीं रहने लगे क्योंकि वहां पर उनका पुश्तैनी घर था। मदन मोहन के पिता फिर काम की तलाश में मुंबई चले गए और बेटे को उसकी दादी के पास छोड़ गए।



### दिल ढूंढता है...

ये वो ट्यून्स थीं, जो कभी मदन मोहन ने कंपोज की थीं, पर जीते जी उनका इस्तेमाल नहीं कर पाए थे, और जब मौत हुई तो बेटे संजीव के पास एक बॉक्स छोड़ गए थे, जिसमें उनकी कंपोज की हुई ट्यून्स और गजलें थीं। संजीव उन रिकॉर्डिंग और टेप को बार-बार सुनते रहते थे,क्योंकि वह पिता की आवाज सुनना चाहते थे। फिर अचानक ही संजीव ने एक टेप में ऐसी ट्यून सुनी जो कभी रिलीज ही नहीं हुई थी। वह फिल्म 'मौसम' के गाने 'दिल ढूंढता है' का ऑल्टर्नेट वर्जन था।

### तेरे लिए हम हैं जिए...

उस गाने से करीब 30 ट्यून्स को 'वीर जारा' में इस्तेमाल किया गया। जब यश चोपड़ा 'वीर जारा' बना रहे थे, तो ऐसे गाने चाहते थे जो टाइमलेस हों, सदाबहार हों। तब संजीव कोहली ने उन्हें पिता की टेप्स और रिकॉर्डिंग के बारे में बताया। यह सुनकर यश चोपड़ा ने उन्हें सभी टेप्स-रिकॉर्डिंग सुनने को कहा। संजीव उस गाने से करीब 30 ट्यून्स निकालकर यश चोपड़ा के ऑफिस पहुंचे। यश चोपड़ा को सभी ट्यून्स पसंद आ गए और फिर 'दिल ढूंढता है' गाने का 'वीर जारा' में ऑल्टर्नेट वर्जन बना, जिसके बोल हैं 'तेरे लिए हम हैं जिए'... इस तरह मदन मोहन की बदौलत 'वीर जारा' का ऐतिहासिक म्यूजिक बना और सभी गाने ब्लॉकबस्टर रहे।

### शराब में डूबे और सड़ गया लिवर

मदन मोहन ने अपने करियर में कई हिट गाने कंपोज किए। लता मंगेशकर संग उनकी जोड़ी खूब जमी। पर शराब पीने के कारण उनका लिवर सड़ने लगा और खराब हो गया। इसके कारण 14 जुलाई 1975 को मदन मोहन का निधन हो गया। बताया जाता है कि एक समय के बाद मदन मोहन को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जहां इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत में उनके कई गाने रिलीज नहीं किए गए, वहीं बाद में उन्हें गाने और बनाने का मौका मिलना मुश्किल हो गया। दरअसल, उस वक्त हर एक्टर-डायरेक्टर के अपने म्यूजिक कंपोजर्स थे। राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार और देवानंद जैसे स्टार्स के अपने-अपने कंपोजर्स थे।

20 -April -Jashpur -pg-04_Layout 1 4/20/2026 8:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### क्रिएटर्स के साथ ओपी ने साझा किया अनुभव

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग में शामिल वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने देश प्रदेश के कंटेंट क्रिएटर्स के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए समाज में कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका पर विचार व्यक्त किए और बेहतर समाज के लिए छत्तीसगढ़ व बदलते बस्तर से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की।

### नवीन मंडी का हुआ उद्घाटन



**सरसीवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत भटगांव मंडल स्थित ग्राम पंचायत रोहिना, देवसागर, सलिहाघाट एवं धाराशिव में नवीन मंडी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष जालान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुभाष जालान ने कहा कि यह मंडी क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी सौगात है, जिससे उन्हें अपने कृषि उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सीएम विष्णुदेव साय की जन कल्याणकारी नीतियों के तहत नवीन मंडियों का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला मंत्री रेवती चंद्रा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, महामंत्री द्वय श्याम लाल साहू, खेलन सिंह यादव, जगदीश साहू, नप अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, महेत्तर श्रीवास, सोमेश बंजारे, नारायण साहू, रूप सिंह साहू, मनहरन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल पटेल, उमा साहू, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती हार बाई कुर्रे, सरपंच ठाकुरदिहा श्रीमती कुंती साहू, रविन्द्र सिंग बनाफर, परमेश्वर साहू, गुलशन महिलाने, पार्षदगण प्रदीप यादव, रामकुमार सिदार, महादेवा यादव, सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नीले रंग में रंगा घरघोड़ा जयंती पर दिखी एकता

**घरघोड़ा।** परमपूज्यनीय भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इस वर्ष घरघोड़ा में ऐतिहासिक उत्साह श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। पूरा नगर नीले रंग में रंगा नजर आया और हर ओर जय भीम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हाई स्कूल मैदान से बीआर ब्रदर धूमाल की दमदार प्रस्तुति के साथ हुई, जिसने माहौल को ऊर्जा और जोश से भर दिया। इसके बाद विशाल रैली का आयोजन किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### परशुराम जयंती ...

रमाकांत के सान्निध्य में भगवान परशुराम का पूजन किया गया। परशुराम गायत्री मंत्र के जाप और वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ। हवन में आहुति देकर विश्व शांति, सुख- समृद्धि और समाज के मंगल की कामना की गई। बालाजी मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में और पुरुष तिलक लगाकर आयोजन में शामिल हुए। मेधावी छात्र, वरिष्ठों और समाजसेवियों का सम्मान- सभा के दौरान समाज के वरिष्ठजनों का श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सामाजिक संगठन, सेवा कार्यों और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी मंच से सम्मान प्रदान किया गया।

### कलेक्टोरेट में सड़क...

यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाएगा। भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल जागरूकता से नहीं, बल्कि सख्ती से भी सुनिश्चित होती है, इसलिए नियमों का पालन हर स्थिति में जरूरी है।

# जल संचय जन भागीदारी 2.0 के तहत समीक्षा बैठक

## महाअभियान बनाकर जल संरक्षण-संवर्धन को दें बढ़ावा: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जल संचय जन भागीदारी 2.0 के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध जल संसाधनों एवं वर्तमान जल प्रबंधन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जल संरक्षण और भू-जल प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए लोगों में जागरूकता प्रसार करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को भू-जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग करने और जल संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता के साथ लागू करने हेतु निर्देशित भी किया। कलेक्टर ने जल संकट से निपटने के लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास, विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, तकनीकी नवाचारों के उपयोग तथा जनसहभागिता के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पानी के अनियंत्रित उपयोग और संरक्षण के पर्याप्त उपाय नहीं होने के कारण जलस्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे भविष्य में पेयजल, कृषि एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इस स्थिति से बचने के लिए अभी से सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में ही रहे इस अवधारणा को सशक्त बनाने हेतु नागरिकों में जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए जनभागीदारी के माध्यम से सोखता गड्ढों का निर्माण, छोटे नदी-नालों की सफाई, लो-कॉस्ट इनोवेटिव मॉडल 5 प्रतिशत, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य जल संचयन तकनीकों को अपनाने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर श्री व्यास ने जल संचयन के लिए शासकीय भवनों, स्कूल-कॉलेजों एवं अन्य संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नदी-नालों के जीर्णोद्धार, बोरवेल रिचार्ज, ढलान एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कंटूर ट्रेंच निर्माण, डबरी निर्माण, बोरी बंधान जैसे कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। उन्होंने कटाव नियंत्रण और नदी तटबंधों को मजबूत करने के लिए गैबियन संरचनाओं की मरम्मत तथा चेक डैम की रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा तालाबों की नियमित सफाई, खेल मैदानों, जहां से पानी निकासी ज्यादा होती है वहां सोखता गड्ढा बनाने तथा कुओं के रिचार्ज पर विशेष ध्यान देने को कहा।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सार्वजनिक रूप से उपयोग किए जा रहे बोरवेल के पास सोखता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनाएं। इसके अलावा जल संचय जन भागीदारी समिति 2.0 के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना और पोर्टल के संचालन की भी जानकारी दी गई। साथ ही जल संरक्षण हेतु बनाए गए प्रत्येक स्ट्रक्चर का जिओ टैगिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, पीएचई, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में किया 2540 आवेदनों का निराकरण

**सारंगढ़।** बीते 1 से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिले के सभी तहसीलों के ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया गया। जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संचालित राजस्व पखवाड़ा अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण में कुल 2540 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गयाए जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत प्राप्त हुई है। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर भूमि संबंधी प्रकरणों जैसे सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं त्रुटि सुधार के साथ साथ आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र आवेदक को समयबद्धए पारदर्शी एवं संतोषजनक निराकरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर आधारित व्यवस्था से लोगों को उनके क्षेत्र में ही सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।



# उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा की महिलाओं की सामाजिक संगठन प्रेरिता महिला समिति का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं अध्यक्षा प्रेरिता महिला समिति श्रीमती रेखा ठाकुर द्वारा केशब चंद्र सिंघा रॉय, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एवं श्रीमती रूपा सिंघा रॉय, उपाध्यक्ष प्रेरिता महिला समिति तथा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती रेखा ठाकुर ने समिति की वार्षिक कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा समाज कल्याण कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की इच्छा व्यक्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखलाव में श्नृत्य धारा युगों से आज तक थीम पर महिलाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुति पेश की गईं, जिसमें चार युगों सत्य युग, त्रेता युग, द्वापर युग और कलयुग की यात्रा को खूबसूरती से दिखाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पंजाबी डांस और हरियाणवी डांस और पुराने फिल्म गीत पर रेट्रो डांस की शानदार परफॉर्मेंस शामिल थीं, जो कि भारतीय संस्कृति की विभिधता में एकता की भावना को दिखाया गया था। इसके साथ कर्मचारियों के लिए मज़ेदार गेम्स ने भी सेलिब्रेशन में खुशी और हंसी बढ़ा दी, जिससे इवेंट और भी दिलचस्प हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुभाष ठाकुर ने समिति की सामुदायिक विकास की कार्यों की सराहना करते हुए इसको और प्रशस्त और व्यापक करने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या मिश्रा, तृप्ति पाएगी, महा सचिव श्रीमती ममता साहू समेत सभी सदस्याएं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ओलावृष्टि से सुरक्षा हेतु किसानों को ऐड-ऑन बीमी कराने की अपील

**जशपुरनगर।** पिछले कुछ दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अचानक ओलावृष्टि और तेज हवाओं से उद्यानिकी फसलों को क्षति हुई है। किसानों से अपील है कि आगामी खरीफ एवं रबी में अपने फसलों का बीमा जरूर करवाएं।

फसलों पर फंगीसाईड का छिड़काव जरूर करें। फसल बीमा क्यों जरूरी है ऐड ऑन कवर ? अक्सर किसान प्रधानमंत्री फसल बीम योजना के तहत केवल बेसिक बीमा ही करवाते हैं, लेकिन बदलती जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए ऐड-ऑन सुरक्षा लेना अनिवार्य सा हो गया है।



ऐड-ऑन कवर के मुख्य लाभ- बेसिक बीमा अक्सर व्यापक आपदाओं को कवर करता है, लेकिन ऐड-ऑन के माध्यम से आप ओलावृष्टि जैसी घटनाओं के लिए अलग से सुरक्षा पा सकते हैं। बहुत ही मामूली अतिरिक्त प्रीमयम भुगतान करके किसान अपनी पूरी लागत को सुरक्षित कर सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान जशपुर का किसानों से विशेष अपील किए है कि, ओलावृष्टि जैसी अनिश्चत घटनाओं से बचने के लिए फसल बीमा में ऐड-ऑन कवर का विकल्प जरूर चुनें। यह आपकी मेहनत की कमाई भी सुरक्षा का सशक्त माध्यम है।

### ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार आज तक

**सारंगढ़।** कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए सभी वर्ग के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया था। विद्यार्थी द्वारा आवेदन करने में यदि कोई त्रुटि हुई है तो 21 अप्रैल तक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर त्रुटि सुधार किया जा सकता है। 21 अप्रैल के बाद त्रुटि सुधार के लिए मौका नहीं मिलेगा और आवेदन निरस्त पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी। प्रयास आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ साथ सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है।

# पुसौर में पानी की किल्लत, सोशल मीडिया में पार्षद कर रहे मांग

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में इन दिनों पानी की किल्लत है। इसके लिए सोशल मीडिया पर अपने-अपने वार्ड में पानी नहीं मिलने को लेकर मांग की जा रही है। साथ ही सुझाव भी दे रहे हैं। दूसरी ओर नगर पंचायत प्रबंधन अपने व्यवस्था को लेकर आश्वस्त है, लेकिन नहीं मिल रहे पानी के लिए आम लोगों के साथ साथ पार्षद भी मुखर होकर नगर पंचायत के कार्य प्रणाली पर सवाल खडे कर रहे हैं।

पुसौर नगर पंचायत के बीजेपी पार्षद आकेश बेहरा ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को आरोप लगाया है कि इन कर्मचारियों को समस्या को हल करने नहीं बल्कि समस्या को



बरकरार रखने में मजा आता है। इसी कड़ी में अपने वार्ड में पानी की हो रहे किल्लत और उसके समाधान के संबंध में जनजागरण मंच में साझा करते हुए कहा कि बाजार परिसर में 4 नलकुप चालू हालत में है जिसे नगर पंचायत के कर्मचारी बंद है का हवाला देते हैं। इन नलकुपों से साफ एवं मीठा पानी मिलता है इसके सप्लाई करने से कई वार्डो के लोगों को पानी के किल्लत से निजात मिल सकता है। सोषल मिडिया में इन्होंने बाजार के अटल चौक में बकायदा विडीयो जारी करते हुए इस तथ्य को प्रमुखता से रखा और जहां जहां नलकुल स्थापित है उसे भी अवगत कराया है। जिसे नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बखुबी देखा भी है। इधर सीएमओ ने ललित साहू ने आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुसौर वासी यदि अपने अपने नलों में टोटी लगा दे तो पानी की समस्या हल हो सकती है।

# महिला किसानों को गौ आधारित खेती का प्रशिक्षण

**कांसाबेल।** प्रयोग समाज सेवी संस्था ने जलवायु अनुकूल तीन दिवसीय जैविक खेती गौ आधारित खेती का महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया। प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा रायपुर के द्वारा जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक मे महिला भूमि एवं आजीविका अधिकार परियोजना संचालित है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत खारपानी मे 9 गांवों के 50 किसानों को जलवायु अनुकूल जैविक खेती गौ आधारित खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ कमेटी के मुखिया बेदोमुखी पैंकरा, रीता, मेझरेन केरकेट्टा, रीना बैंजती, अंबिका देवी, थनेद्र साहू, लीलाराम साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र मे पूजा-अर्चना कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया, जिसका



मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को जैविक खेती की विधियों लाभ हानि तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ सतत आजीविका के लिए सक्षम बनाना था। महिला भूमि व आजीविका अधिकार परियोजना की समन्वयक सविता रथ ने प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को भूमि अधिकार आजीविका के अवसरों एवं नेतृत्व क्षमता विकास पर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण में जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें जैविक खाद एवं कीटनाशक दवाई को घर पर ही तैयार करने की विधि व उनके उपयोग की मात्रा समय और तकनीक को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। महिला किसानों को गोबर गोमूत्र, जहरीले पत्ते आदि संसाधनों से जैविक दवाइयां एवं खाद बनाकर प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया। गौ आधारित खेती जैविक खेती कीटनाशक निर्माण पर प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षक थनेद्र साहू लीलाराम साहू उपस्थित रहे। उन्होंने सरल भाषा मे जैविक खेती के लाभ रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण संरक्षण मे जैविक पद्धतियों की भूमिका को समझाया कार्यक्रम के सफल संचालन मे जिला समन्वयक अंबिका देवी रतन पैकरा हेवंती कुजूर का महत्व पूर्ण योगदान रहा। उनकी सक्रिय भागीदारी से प्रशिक्षण प्रभावी व सहभागिता पूर्ण बना प्रशिक्षण के अंत मे महिला किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, अब वे अपने खेतों मे जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हुईं हैं। उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण मे रीना टोप्पो, बैंजती भगत, शिवरात्रि यादव, कल्पना रिमनी, मेझरेन केरकेट्टा, पानमुनी, मिटकुराम, मतथूराम पैकरा, कवल साय करन नागवंशी शामिल रहे ।

# लापरवाही की हद, बरहागुड़ा चौक डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 153 प्रस्तावित 216 पर स्थित बरहागुड़ा चौक अब हादसों का नहीं, बल्कि मौत का अड्डा बन चुका है। हैरानी की बात यह है कि लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद संबंधित अधिकारी गहरी नींद में सोया हुआ है।

हाल ही में एक बार फिर तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गई। यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि यह उस लापरवाही की जीती जागती मिसाल है, जो हर दिन किसी न किसी की जान लेने को तैयार बैठी है। गनीमत रही कि इस बार कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन सवाल यह उठता है क्या विभाग किसी की मौत का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरहागुड़ा चौक पर सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। न कोई चेतावनी संकेतक, न डिवाइडर पर रेडियम या रिफ्लेक्टर, और न ही कोई स्पीड ब्रेकर। रात के अंधेरे में यह चौक और भी खतरनाक हो जाता है, जहां अचानक



शुरू होता डिवाइडर सीधे मौत को न्योता देता है। एक महीने पहले भी यहां बड़ा हादसा होते होते बचा था, लेकिन तब भी जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके दबाव में या किस लापरवाही के चलते विभाग आंख मूंदे बैठा है। लोगों में गुस्सा साफ दिख रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही यहां स्पीड ब्रेकर, साफ सुथरे संकेतक बोर्ड और रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# गर्मी का कहर: लू से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा ग्रीष्म ऋतु में तीव्र गर्मी और तापमान वृद्धि को देखते हुए लू से बचाव एवं तैयारी संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। लू के दौरान सिर में भारीपन, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, पसीना न आना, भूख कम लगना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

ऐसी स्थिति में तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर ठंडे पानी की पट्टी लगाना, तरल पेय पिलाना, शरीर पर ठंडा पानी छिड़कना तथा शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की सलाह दी गई है। अत्यधिक गर्मी में शरीर में पानी और नमक की कमी मुख्य कारण बताया गया है। इसलिए अनावश्यक बाहर न निकलने, सिर और कान ढकने, सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस का उपयोग करने तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप से बचने को कहा गया है। जारी निर्देशों में नागरिकों से घर को ठंडा रखने, पर्दे और पंखों का उपयोग करने, बीमारी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने और जानवरों को छाया-पानी उपलब्ध कराने की अपील की गई है।



नियोक्ताओं को मजदूरों के लिए ठंडा पानी, शेड, समय-सारणी में बदलाव और विश्राम अवधि बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान ठंडे जैकेट, पर्याप्त पानी, सनग्लास और सनस्क्रीन का उपयोग करने को कहा गया है। वरिष्ठ नागरिकों से घर में रहने, भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने तथा किसी भी लक्षण पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने को कहा गया है। राज्य स्तर पर सरकार नोडल अधिकारी नियुक्त कर लू की स्थिति की समीक्षा करेगी। सार्वजनिक स्थानों पर वाटर एटीएम और पेयजल की व्यवस्था करने। मनरेगा में कार्य समय परिवर्तित करने और छाया स्थलों के निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्याऊ केंद्रों की स्थापना और अस्पतालों में बिजली-पानी व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया है। नगरीय निकायों को बेघर और जोखिमग्रस्त समूहों की पहचान कर पानी और अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने, शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा ताप कम करने वाले उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लू प्रभावितों के परीक्षण, ओआरएस उपलब्धता और 108-104 सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करेगा। श्रम विभाग बाहरी कार्यों के समय में बदलाव, मजदूरों को आइस पैक उपलब्ध कराने और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। पशु चिकित्सा विभाग पशुओं के लिए पानी, चारा, दवाइयों तथा ग्राम स्तर पर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्य-स्तरीय डैशबोर्ड तैयार कर मैसेज प्रसारित करेगा। परिवहन विभाग बस स्टैंडों पर प्राथमिक उपचार एवं समय परिवर्तन सुनिश्चित करेगा।

शिक्षा विभाग स्कूलों में पेयजल, ओआरएस और समय परिवर्तन लागू करेगा। मनरेगा स्थलों पर पानी-छाया की व्यवस्था, वन विभाग द्वारा हरियाली, वन-अग्नि की रोकथाम और वन्यजीवों के लिए जलस्त्रोत उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन की तिथि बढ़ी

**जशपुरनगर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई कॉलेज, तथा बीटीआई कॉलेज आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, इन संस्थाओं के प्राचार्यो-संस्था प्रमुखों एवं छात्रवित्त प्राभारियों को सूचित किया गया है कि, शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रृत्ति के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव, स्वीकृति हेतु तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके अनुसार संस्था में पूर्व में लंबित प्रोपोजल को लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने हेतु 19 अप्रैल 2026 से तिथि में वृद्धि की जा रही है। इसी प्रकार शासकीय संस्था, जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 21 अप्रैल तथा जिला कार्याल्य द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने हेतु 23 अप्रैल 2026 तक तिथि में वृद्धि की गई है। आदिवासी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होगें।





